## संपादकीय

### हकीकत से अक्ल

पिछले दिनों पाकिस्तान ने अपनी पहली राष्ट्रीय सुरक्षा नीति की बानगी मीडिया के जरिये पेश की। एक अधिकारी द्वारा मीडिया को उपलब्ध यह जानकारी भू-आर्थिकी पर केंद्रित थी। फिर गत शुक्रवार को पाक प्रधानमंत्री इमरान खान ने इस राष्ट्रीय सुरक्षा नीति के कुछ दस्तावेज सार्वजनिक किये। उल्लेखनीय है कि यह जानकारी उस दिन सार्वजनिक हुई, जिस दिन पंजाब पुलिस ने भारत-पाक सीमा पर पांच किलो विध्वंसक आरडीएक्स बरामद किया। उससे कुछ दिन पहले कश्मीर में एक पाक आतंकवादी को मार गिराया गया था। बहरहाल, भारत की जिज्ञासा इस बात को लेकर है कि क्या पाक की कथित भू-आर्थिक धुरी में कश्मीर व पंजाब में लगातार जारी अलगाववादी नीतियों को त्यागा जायेगा? दरअसल, अफगानिस्तान में सोवियत हस्तक्षेप के बाद पाक लगातार भू-राजनीतिक समीकरणों के जरिये अपनी रक्षा क्षमताओं को उन्नत करता रहा है। फिलहाल भी रक्षा तैयारियों में संलिप्त है और समुद्री गतिविधियां भी बढ़ा रहा है। जाहिर है इन तैयारियों के केंद्र में भारत ही रहा है। इतना ही नहीं, जिस प्रतिगामी व खतरनाक विचारधारा को पाक में प्रश्रय दिया जाता रहा, वह भारत में हिंसक संघर्ष को ही बढ़ावा देती रही है। बहरहाल, अब जब पाक की अर्थव्यवस्था मरणासन्न अवस्था में है, तो अर्थव्यवस्था पर ध्यान देना लाजिमी है। आज अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थाएं उसे ऋण देने में परहेज कर रही हैं। सर्वविदित है कि दोनों देशों के व्यापारिक संबंधों को लेकर खुद पाक का रवैया आक्रामक रहा है। इस आक्रामकता को कम करने के बजाय उलटे पाक भारत पर पूर्व की ओर कनेक्टिविटी को बंधक बनाने का आरोप लगाता रहा है। बहरहाल, वास्तविकता को सिर्फ बयानबाजी से नहीं झुठलाया जा सकता। यह दुनिया जानती है कि भारत अफगानिस्तान में भूख से जूझते लोगों को खाद्यान्न भेजना चाह रहा है, लेकिन पाक ने अपनी सीमा से होकर सहायता सामग्री भेजने पर दो माह से फैसला नहीं लिया। साफ है कि यदि पाक भारतीय उपमहाद्वीप में स्वतंत्र बाजार के लिये अपने व्यवसायों के रास्ते बंद रखता है तो भू-आर्थिक नीति के लक्ष्य शायद ही पूरे हो पायें।

निस्संदेह, किसी भी देश की अर्थव्यवस्था के उत्थान के लिये सतत और समावेशी आर्थिक विकास की जरूरत होती है। उसके लिये उग्रवाद व संप्रदायवाद के खिलाफ संकल्प लेने की जरूरत है। शांति की स्थापना के बाद ही व्यापार-कारोबार को बढ़ावा मिल सकता है। एक तरफ कारोबार और दूसरी तरफ आईएसआई का वार, साथ-साथ नहीं चल सकता। बहरहाल, पाक ने अभी नई राष्ट्रीय सुरक्षा नीति के पूरे पत्ते नहीं खोले हैं, मगर आर्थिक संबंधों में सुधार विश्वास व सकारात्मक दृष्टिकोण से ही संभव है। लेकिन राष्ट्रीय सुरक्षा नीति में जो बात उम्मीद जगाती है वह यह कि पाक भारत के साथ आगामी सौ साल तक शांति बनाये रखना चाहता है। इस पंचवर्षीय राष्ट्रीय सुरक्षा नीति में भारत से रिश्ते सुधारने व व्यापार को बढ़ाने के साथ ही कश्मीर विवाद को किनारे रखने की बात भी सामने आती है। यानी सकारात्मक बातचीत के साथ सहयोग व व्यापार बढ़ाने की बात कही गई है। यदि पाक वाकई यह ईमानदारी से कह रहा है तो इसका स्वागत किया जाना चाहिए। दरअसल, कहीं न कहीं पाक चीन की नीति का अनुसरण कर रहा है। वह यह कि भारत-चीन सीमा पर विवाद के साथ दोनों देशों का कारोबार सौ अरब डॉलर पार कर चुका है। चीन के साथ हालिया विवाद के बावजूद दोनों देशों के व्यापार में वृद्धि ही हुई है। हालांकि, भारत पाक के रिश्तों में ज्यादा जटिलताएं हैं, उनका समाधान इतना आसान भी नहीं है। लेकिन इसके बावजूद दोनों देश हमेशा के लिये युद्ध व टकराव के साथ आगे नही बढ़ सकते। भारत कई बार कह भी चुका है कि घात व बात साथ-साथ नहीं चल सकते। इसके बावजूद पाक यदि कश्मीर में भारतीय संप्रभुता को स्वीकार करके आगे बढ़ने को तैयार है तो उसका स्वागत ही किया जाना चाहिए। जो दक्षिण एशिया में शांति व तरक्की की जमीन तैयार कर सकता है।

## जिंदल सॉ लिमिटेड की हंटिंग एनर्जी सर्विसेज के साथ साझेदारी

**नई दिल्ली।** पाइप निर्माण करने वाली कंपनी जिंदल एसएडब्ल्यू लिमिटेड ने आज हंटिंग एनर्जी सर्विसेज के साथ एक नए संयुक्त उद्यम के गठन की घोषणा की। कंपनी ने कहा कि भारत का पहला अत्याधुनिक प्रीमियम ओसीटीजी थ्रेडिंग प्लांट जिंदल एसएडब्ल्यू लिमिटेड के साथ बहुमत शेयरधारक के रूप में 51 प्रतिशत अनुपात 49 प्रतिशत साझेदारी में नासिक में स्थापित किया जाएगा। प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप यह संयुक्त उद्यम, भारत से दुनिया के भिन्न हिस्सों में ओसीटीजी के लिए प्रीमियम कनेक्शन के दरवाजे खोलेगा और तेल तथा गैस ड्रिलिंग जैसी गतिविधियों में शामिल संस्थानों के लिए आयात प्रतिस्थापन के रूप में काम करेगा। इस तरह, भारत इस सेगमेंट में आत्मनिर्भर हो जाएगा।




उल्लेखनीय है कि संयुक्त साझेदार, हंटिंग एनर्जी सर्विसेज प्रीमियम कनेक्शन समाधान विकसित करने में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी है। इस संयुक्त उद्यम में प्रारंभिक निवेश लगभग 2 करोड़ से 2.5 करोड़ डॉलर का होगा और भारत में प्रीमियम ओसीटीजी के लिए संभावित वार्षिक बाजार आकार 20 करोड़ डॉलर के करीब है। यह समझौता 2019 में एक रणनीतिक गठजोड़ के बाद दोनों व्यवसायों के बीच एक करीबी काम-काजी साझेदारी को औपचारिक रूप देता है। इससे पहले जिंदल एसएडब्ल्यू लिमिटेड और हंटिंग एनर्जी सर्विसेज ने भारत में तेजी से बढ़ते ऑयल कंट्री ट्यूबलर गुड्स (ओसीटीजी) बाजार में अपनी उपस्थिति का विकास शुरू किया था।

इस संयुक्त उद्यम में, जिंदल एसएडब्ल्यू लिमिटेड अपनी स्थान-विशिष्ट क्षमताओं को लाएगा और परियोजना के लिए कार्यबल को जुटाने में अपनी सुविज्ञता का लाभ उठाएगा। इसके अलावा, हंटिंग एनर्जी सर्विसेज मुख्य रूप से तेल और गैस क्षेत्र में गहरी ड्रिलिंग गतिविधियों में उपयोग की जाने वाली सीमलेस टयूबिंग और केसिंग की पूरी श्रृंखला पर प्रीमियम कनेक्शन को थ्रेड करने के लिए अपनी पेटेंट प्रीमियम कनेक्शन तकनीक प्रदान करेगी। नतीजतन, यह संयुक्त उद्यम भारत में ओसीटीजी समाधानों की व्यापक रेंज पेश करने वाला पहला अत्याधुनिक प्रीमियम कनेक्शन थ्रेडिंग उपक्रम बन जाएगा। संयुक्त उद्यम समझौते की शर्तों के तहत, हंटिंग और जिंदल नासिक में जिंदल के मौजूदा स्टील मिल के पास 130,000 वर्ग फुट में एक समर्पित प्रीमियम कनेक्शन थ्रेडिंग इकाई का निर्माण करेंगे।

जिंदल एसएडब्ल्यू लिमिटेड के जीसीईओ और डब्ल्यूटीडी नीरज कुमार ने कहा, हमें इस अभूतपूर्व परियोजना के लिए हंटिंग एनर्जी सर्विसेज के साथ हाथ मिलाकर खुशी हो रही है। हमारे सामूहिक प्रयास और संयुक्त ताकत से ओसीटीजी विनिर्माण क्षेत्र और घरेलू बाजार में इसके उपयोग में क्रांति आएगी। जिंदल हमेशा उद्योग में एक गेम-चेंजर रहा है और यह साझेदारी इस उभरते उद्योग में एक कदम आगे होगी। हंटिंग के साथ मिलकर हम भारत में इस तरह की मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी रखने वाले पहले बन जाएंगे। यह संयुक्त उद्यम हमारे उत्पादों की मौजूदा श्रृंखला का मूल्यवर्धन करेगा और स्थानीय एंसीलरी सेवा उद्योग का विकास करेगा।

## भारत के खिलाफ साजिश रचने और झूठ फैलाने वाली वेबसाइट्स-यूट्यूब चैनल होंगे प्रतिबंधित

**नई दिल्ली ।** केंद्र सरकार ने भारत के खिलाफ साजिश रचने और झूठी खबरें फैलाने वाली वेबसाइट्स और यूट्यूब चैनल्स के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी है। सूचना-प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि भारत विरोधी कंटेंट फैलाने और साजिश रचने वाले ऐसी वेबसाइट्स और चैनल्स पर कार्रवाई जारी रहेगी।

गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने दिसंबर, 2020 में भारत के खिलाफ प्रोपेगंडा चलाने वाले 20 यूट्यूब चैनल्स और दो वेबसाइट्स को ब्लॉक किया था। बताया जाता है कि इस कार्रवाई में सरकार ने खुफिया एजेंसियों की मदद भी ली थी।

सरकार के इसी कदम लेकर जवाब देते हुए ठाकुर ने कहा कि मैंने उनके खिलाफ कार्रवाई का आदेश दिया था। मुझे खुशी है कि कई बड़े देशों ने हमारे इस कदम का संज्ञान लिया। यूट्यूब ने भी आगे आते हुए उन्हें प्रतिबंधित करने का काम किया। ठाकुर ने कहा कि भविष्य में भी अगर किसी वेबसाइट या चैनल से झूठ फैलाने का काम किया जाता है या समाज को बांटने की कोशिश होती है, तो उन पर कार्रवाई जारी रहेगी।

## आयरलैंड को 174 रन से करारी शिकस्त देकर भारत ने सुपरलीग क्वार्टर फाइनल के लिए किया क्वालीफाई

**नई दिल्ली।** भारत ने कप्तान यश ढुल और बाकी छह अन्य खिलाड़ियों के न खेलने के बावजूद वेस्टइंडीज में जारी आईसीसी अंडर-19 वर्ल्ड कप 2022 के ग्रुप बी मैच में आयरलैंड के खिलाफ 174 रन की धमाकेदार जीत दर्ज कर ली। इसके साथ ही भारत ने सुपरलीग क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। बुधवार रात को ब्रायन लारा स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में भारत ने निर्धारित 50 ओवर में 5 विकेट खोकर 307 रन का शानदार स्कोर खड़ा किया और फिर आयरलैंड को 39 ओवर में 133 रन पर ढेर कर दिया। आयरलैंड के लिए स्कॉट मैकबेथ ने 32 और जैशुआ कॉक्स ने 28 रन बनाए। भारत की ओर से अनीश्वर गौतम, गर्ग सांगवान और कौशल तांबे ने अपने खाते में दो-दो विकेट चटकाए। उनके अलावा हेंगारगेकर, रवि कुमार और विक्की ओस्तवाल ने भी एक-एक विकेट लिया। भारत की ग्रुप बी में यह लगातार दूसरी जीत है। इससे पहले, उसने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहला मैच 45 रन से जीता था। भारतीय टीम अब दो मैचों में 4 अंकों के साथ तालिका में टॉप पर है। इसके साथ ही भारत ने सुपरलीग क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। भारत ग्रुप बी में अपना आखिरी मैच शनिवार को युगांडा के खिलाफ खेलेगा। इससे पहले, भारत ने निर्धारित 50 ओवर में 5 विकेट खोकर 307 रन का शानदार स्कोर खड़ा किया। भारत की ओर से अंगकृष रघुवंशी 79 और हरनूर सिंह ने 88 रन बनाए। इन दोनों सलामी बल्लेबाजों के बीच पहले विकेट के लिए 164 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी हुई। भारत ने हैरानी भरा फैसला करते हुए अपने नियमित कप्तान यश धुल को आराम दिया, जोकि बाकी छह अन्य खिलाड़ियों के साथ कोरोना पॉजिटिव पाए गए। उनकी गैर मौजूदगी में निशांत सिंधू ने टीम की अगुआई की। रघुवंशी ने 79 रन की पारी के दौरान इतनी ही गेंदें खेलते हुए 10 चौके तथा दो छक्के जमाए। हरनूर ने 101 गेंद का सामना करते हुए 12 बार गेंद सीमारेखा के पार कराई।



## नए साल में निवेशक मालामाल, एके स्पीनटेक्स स्टॉक ने सिर्फ 14 दिन में 190 फीसदी का दिया रिटर्न

**नई दिल्ली ।** बीते तीन कारोबारी दिन से भारतीय शेयर बाजार में बिकवाली का माहौल है। शेयर बाजार में लगातार हो रही गिरावट के बीच भी कई स्टॉक शानदार रिटर्न दे रहे हैं। ऐसा ही एक स्टॉक एके स्पीनटेक्स है। टेक्सटाइल की इस कंपनी में लगातार अपर सर्किट लग रहा है। यही नहीं, सिर्फ 14 कारोबारी दिन में टैक्सटाइल के स्टॉक ने निचेशकों को लगभग 190 प्रतिशत का रिटर्न दिया है।

31 दिसंबर 2021 को एके का स्टॉक प्राइस 27.95 रुपए पर था जो बढ़कर आज यानी 20 जनवरी को 80.90 रुपए के स्तर पर पहुंच गया है। ये लगभग 190 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। नए साल 2022 के सिर्फ 14 दिन ऐसे थे, जब कारोबार हुए हैं। हालांकि, स्टॉक के इतिहास पर गौर करें तो एक वक्त में इसने 80 रुपए के स्तर को पार किया है लेकिन बाद में गिरावट भी आई है। बीते कुछ साल से ये स्टॉक 30 रुपए के रेंज में घूम रहा है। अगर निवेशक ने एक महीने पहले इस टेक्सटाइल स्टॉक में 1 लाख रुपए का निवेश किया होता, तो उसकी रकम आज 3.60 लाख रुपए हो गई होगी। इसी तरह, अगर किसी निवेशक ने नए साल 2022 की शुरुआत में इस टेक्सटाइल स्टॉक में 27.95 रुपए के स्तर पर 1 लाख का निवेश किया था, तो उसकी रकम 2.90 लाख रुपए हो गई है।

## क्रिकेट के मैदान पर बना अनोखा रिकॉर्ड, 23 खिलाड़ी हुए बोल्ड

**नई दिल्ली।** क्रिकेट में रोजाना कोई न कोई रिकॉर्ड बनता है, लेकिन कुछ रिकॉर्ड ऐसे होते हैं जिनका टूटना शायद असंभव होता है। ऐसा ही एक रिकॉर्ड है, एक मैच में 23 खिलाड़ियों के बोल्ड होने का। 135 साल पहले बना यह वर्ल्ड रिकॉर्ड आज तक नहीं टूट सका है। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच खेले गए इस मुकाबले में कुल 40 विकेट गिरे थे। 2 गेंदबाजों ने 8-8 खिलाड़ियों को बोल्ड भी किया था।

फरवरी-मार्च 1887 में सिडनी मैदान पर खेले गए टेस्ट में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। टीम पहली पारी में 109 ओवर में सिर्फ 151 रन बना सकी। 6 खिलाड़ी बोल्ड हुए। तेज गेंदबाज चार्ली टर्नर ने 5 विकेट लिए और 4 बल्लेबाजों को बोल्ड किया। जवाब में ऑस्ट्रेलिया की टीम 55.1 ओवर में सिर्फ 84 रन पर सिमट गई. तेज गेंदबाज जॉर्ज लोहमैन ने 8 विकेट लिए। उन्होंने 7 बल्लेबाजों को बोल्ड किया।

इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने दूसरी पारी में जोरदार संघर्ष किया। टीम 140.1 ओवर में 154 रन बनाकर सिमट गई। चार्ली टर्नर ने दूसरी पारी में 4 विकेट लिए और सभी को बोल्ड किया. इस तरह से उन्होंने मैच में अकेले 8 खिलाड़ियों को बोल्ड किया। अब ऑस्ट्रेलिया को मैच जीतने के लिए 222 रन बनाने थे। जवाब में टीम 110 ओवर में 150 रन बनाकर पवेलियन लौट गई और इंग्लैंड ने यह ऐतिहासिक मुकाबला 71 रन से जीत लिया।



जॉर्ज लोहमैन ने दूसरी पारी में 2 विकेट लिए और इसमें से एक खिलाड़ी को बोल्ड किया। इस तरह से लोहमैन और टर्नर ने 8-8 खिलाड़ियों को बोल्ड करने का अनोखा रिकॉर्ड अपने नाम किया। क्रिकेट के इतिहास में सिर्फ एक ही बार यह कारनामा हुआ है। इसके अलावा 2 मैच में 22-22 खिलाड़ी बोल्ड हुए हैं। 25 फरवरी से यह 4 दिवसीय टेस्ट शुरू हुआ था। 27 फरवरी को रेस्ट डे था। यह मैच अंतिम दिन 1 मार्च को खत्म हुआ था।

## आज का राशिफल

मेष: आप जल्द ही लंबे समय से चली आ रही बीमारी से उबरकर पूरी तरह सेहतमंद हो सकते हैं। जीवनसाथी के साथ रोमांटिक समय बिताएंगे।

वृष: आप अपने सकारात्मक रवैए और आत्मविश्वास की वजह से आसपास के लोगों को प्रभावित करेंगे। खाली वक्त समस्या का समाधान निकालने में लगाएंगे।

मिथुन: आज आप ऊर्जा से लबरेज़ होंगे। संतान की वजह से आर्थिक लाभ होने की संभावना नजर आ रही है। आपकी मुस्कुराहट प्रिय की नाराजगी दूर करेगी।

कर्क: आपकी ऊंची बौद्धिक क्षमताएं आपको कमियों से लड़ने में सहायता करेंगी। व्यापार में मुनाफा कई व्यापारियों के चेहरे पर खुशी ला सकता है।

सिंह: जल्द ही लंबे समय से चली आ रही बीमारी से उबरकर पूरी तरह सेहतमंद हो सकते हैं। मेहमानों से खराब बर्ताव न करें।

कन्या: आपका उदार स्वभाव आज आपके लिए कई खुशनुमा पल लेकर आएगा। ज्यादातर समय दोस्तों और परिवार के साथ बीतेगा।

तुला: परिवार की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए आपको कुछ कर दिखाने की ज़रूरत है। सपनों को साकार करने के लिए उन्हें प्रोत्साहन देने की ज़रूरत है।

वृश्चिक: आज का दिन मौज-मस्ती और आनंद से भरा रहेगा। आर्थिक पक्ष के मजबूत होने की पूरी संभावना है। प्रिय से दूर होने के बावजूद आप उसकी मौजूदगी महसूस करेंगे।

धनु: दोस्तों का रुख़ सहयोगी रहेगा और वे आपको खुश रखेंगे। आज आपका धन कई चीजों पर खर्च हो सकता है। आपको आज अच्छा बजट प्लान करने की आवश्यकता है।

मकर: आज आप ऊर्जा से लबरेज़ होंगे। आपकी कोई चल संपत्ति चोरी हो सकती है। आज बिना कुछ ख़ास किए लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने में क़ामयाब रहेंगे।

कुंभ: हृदय-रोगियों के लिए कॉफ़ी छोड़ने का सही समय है। कार्यक्षेत्र या करोबार में लापरवाही आज आपको आर्थिक नुकसान करा सकती है।

मीन: आपका आकर्षक बर्ताव दूसरों का ध्यान आपकी तरफ़ खींचेगा। आकस्मिक मुनाफ़े या सट्टेबाज़ी के ज़रिए आर्थिक हालात सुदृढ़ होंगे।

## नितेश तिवारी की रोमांटिक फिल्म में दिखेंगे वरुण धवन और किआरा

वरुण धवन और कियारा आडवाणी की ऑन स्क्रीन केमिस्ट्री को दर्शक पसंद करते हैं। करण जौहर की फिल्म कलंक में भी दोनों साथ नजर आए थे। अब इन दोनों कलाकारों के प्रशंसकों के लिए एक बड़ी खबर आई है। खबरों की मानें तो वरुण और कियारा नितेश तिवारी की अगली रोमांटिक फिल्म में नजर आएंगे। पहले ऐसी खबरें आई थीं कि वरुण के अपोजिट जाह्नवी कपूर को कास्ट किया गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, कियारा नितेश की अगली फिल्म में वरुण के अपोजिट नजर आएंगी। खबरों की मानें तो वरुण और कियारा ने प्रेम कहानी पर आधारित इस फिल्म को साइन कर लिया है। इस फिल्म को साजिद नाडियाडवाला प्रोड्यूस करने वाले हैं। मेकर्स ने फिल्म की कहानी से पर्दा नहीं उठाया है। वरुण और कियारा दोनों फरवरी के मध्य में इस फिल्म की शूटिंग शुरू कर सकते हैं।



नितेश और साजिद पहले भी साथ काम कर चुके हैं। इससे पहले दोनों ने 2019 में फिल्म छिछोरे में साथ काम किया था। दूसरी तरफ वरुण, साजिद के साथ इससे पहले ढिशुम, कलंक और जुड़वा 2 में साथ काम कर चुके हैं। वरुण पहले नितेश की रोमांटिक फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे। इसके बाद वह सबसे कम उम्र के परमवीर चक्र विजेता शहीद अरुण खेत्रपाल के जीवन पर बन रही फिल्म इक्कीस का काम शुरू करेंगे। इस फिल्म के अलावा वरुण और कियारा जुग जुग जियो में भी नजर आएंगे।

## केजीएफ 2 के बाद कॉमेडी करते नजर आएँगे संजय दत्त और रवीना टंडन

बॉलीवुड में अपने दमदार अभिनय से सभी का दिल जीतने वाले संजय दत्त को आप सभी जल्द ही एक धमाकेदार फिल्म में देखने वाले हैं। इस फिल्म में उनकी जोड़ी रवीना टंडन संग जमने वाली है। इन दोनों को आप सभी करीब एक दशक के बाद एक साथ फिल्म केजीएफ चैप्टर 2 में देखने वाले हैं। इस फिल्म में संजय दत्त खतरनाक विलेन का रोल करेंगे और दोनों को एक साथ स्क्रीन पर देखकर फैंस काफी खुश होने वाले हैं सभी को यही उम्मीद है। अब फैंस की खुशी को और बढ़ाते हुए यह भी बता दें कि दोनों एक्टर्स अब एक कॉमेडी फिल्म में नजर आ सकते हैं।



रिपोर्ट के मुताबिक सूत्रों ने बताया कि एक बड़ा स्टूडिओ दोनों को साथ लेकर आ रहा है, हालांकि अभी दोनों को अभी फिल्म साइन करना बाकी है।

## बाजरा-मेथी पूरी

बाजारा मेथी पूरी, राजस्थान की ट्रेडिशनल डिश है जिसे खासतौर से सर्दियों में बनाया जाता है। तो आप भी इस पूरी को लंच या डिनर में कर सकते हैं सर्व। आइए जानते हैं इसे बनाने का तरीका।



### सामग्री :

बाजरा- 1 कप, आटा- 1/2 कप, मेथी की पत्तियां धोई और काटी हुई- 1/2 कप, नमक- 2 टीस्पून, अजवायन- 1 टीस्पून, अदरक कद्दूकस किया- 1 टीस्पून, धनिया पाउडर- 1 टीस्पून, लाल मिर्च पाउडर- 1 टीस्पून, हल्दी- 1 टीस्पून, तेल-तलने के लिए

### विधि :

- एक मिक्सिंग बाउल में तेल को छोड़कर बाकी सारी चीज़ों को पहले बिना पानी डालें मिला लें। अब आवश्यकतानुसार गुनगुना पानी डालते हुए आटे को गूंथ लें।
- 10-15 मिनट ढककर छोड़ दें।
- इसके बाद इन आटे से छोटी-छोटी लोईयां बनाएं।
- इन्हें बेलने में थोड़ी दिक्कत हो सकती है तो आप प्लास्टिक की मदद से इन्हें बेहतर शेप दे सकते हैं।
- कड़ाही में तेल डालकर उसे अच्छी तरह गर्म होने के लिए रख दें।
- इन पूरियों को बेलकर न रखें। जैसे-जैसे बेलते जाएं इन्हें कड़ाही में डालकर तलते जाएं।
- एब्जॉर्बेंट पेपर पर निकाल लें जिससे एक्स्ट्रा ऑयल निकल जाएं।
- गर्मा-गरम आलू-टमाटर की सब्जी के साथ इन पूरियों को सर्व करें।


## शब्द सामर्थ्य- 326

**बाएं से दाएं**

1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भुत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

**ऊपर से नीचे**

2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 325 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| टे | ढ़ा | मे | ढ़ा | ■ | म | हा | र | त |
| क | ■ | ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | न |
| ■ | जा | न | की | ■ | क | म | नी | य |
| ■ | ■ | त | म | क | ना | ■ | ■ | ■ |
| म | ■ | ■ | त | ह | त | ■ | दा | ब |
| सी | मा | ■ | ■ | ला | ■ | स | न | द |
| हा | थ | म | ल | ना | ■ | वा | ■ | च |
| ■ | ■ | द | ■ | ■ | घा | ल | मे | ल |
| ■ | ब | द | ह | वा | स | ■ | ■ | न |

## सू-दोकू- 326

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 1 | 6 | | 2 | | 7 |
| 3 | | | | | | | | |
| | | 6 | | | | | 9 | |
| 7 | | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 8 | | | 9 | | 6 | | 2 |
| | | 4 | | | | | 7 | |
| | 3 | | | | 2 | 9 | | 6 |
| 6 | | 7 | 3 | | | | | 4 |
| | 4 | | | 1 | | 7 | 8 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.325का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 2 | 6 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 5 |